प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 26.04.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वर्चुअली लखनऊ, कानपुर और प्रयागराज समेत देश के 47 शहरों में बांटे 51 हजार नियुक्ति पत्र : कहा– युवाओं पर है देश के विकास की जिम्मेदारी।
2. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा सीधा प्रसारण।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बांटे ऋण : कहा– आतंकवादियों को जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जवाब देगा भारत। और
4. पहलगाम आतंकी हमले को लेकर प्रदेश भर में विरोध प्रदर्शन जारी : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने राज्य में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजने के दिए निर्देश।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले के तहत लखनऊ, प्रयागराज और कानपुर समेत देशभर के 47 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों

में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब युवा राष्ट्र निर्माण में भाग लेते हैं तो राष्ट्र तेजी से विकास करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। उन्होंने कहा कि देश के युवा अपनी मेहनत और नवाचार से दुनिया को दिखा रहे हैं कि देश में कितनी संभावनाएं हैं। बाइट.....

*आप का दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है। आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रेक्चर निर्माण का है। आपका दायित्व श्रमिकों की जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। अपने कार्यों को आप जितनी ईमानदारी से पूरा करें उसका उतना ही सकारात्मक प्रभाव विकसित भारत की यात्रा में नजर आयेगा।*

प्रधानमंत्री ने मुंबई में आयोजित होने वाले विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन वेव्स 2025 का ज़िक्र करते हुए कहा कि कि इस आयोजन के केंद्र में भी देश के युवा हैं। बाइट.....

*कुछ ही दिन बाद मुंबई में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट यानी वेव्स 2025 का आयोजन होने जा रहा है। मीडिया, गेमिंग और एंटरटेनमेंट फील्ड के इनोवेटर्स के लिए यह प्रतिभा दिखाने का अभूतपूर्व अवसर है। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म होगा, जहां एंटरटेनमेंट से जुड़े स्टार्टअप्स को इन्वेस्टर्स और इंडस्ट्रियल लीडर से जुड़ने का मौका मिलेगा।*

केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में 200 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका है। बाइट.....

*आज जिनको नियुक्ति पत्र मिल रही है, येहमारे देश को आगे ले जाने में इनका बहुत बड़ायोगदान होना है। माननीय मोदी जी के साथ दिशा –निर्देशों पर चलतेहुए आज देखिये हमारा देश पिछले 10–12–15 साल में कितना आगे जा चुका है। आज हम लोग विश्व के एक बहुतबड़ी एक एकॉनॉमिक पावर बन चुके हैं।*

प्रयागराज में आयोजित रोजगार मेले में केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल मौजूद रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं वे विकसित भारत के निर्माण का संकल्प लेकर देश के विकास में योगदान दें। बाइट.....

*2047 के विकसित भारत को बनाने का संकल्प है। उसको सदा ध्यान में रखेंगे क्योंकि ये सारे अभ्यर्थी जो अब अपनी इस यात्रा को प्रारंभ करेंगे, जीवन के अगले 25–30 साल जो बेहद महत्वपूर्ण समय होगा, इस दौरान वो विकसित भारत निर्माण की यात्रा के साथ भी जुड़ेंगे.*

कानपुर में आयोजित रोज़गार मेले में करीब 187 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे गए। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं को आज नियुक्ति पत्र मिले हैं वे देश की सेवा करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न को साकार

*हमारे प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से निष्पक्ष, बिना किसी सिफारिश के समय के अन्दर, पारदर्शी तरीके से यह सरकारी नौकरी मिल गयी है, हर वर्ग के लोगों के लिए; उपयोग के लिये वास्तव में इस देश के लिए यही नौजवान जा करके देश की सेवा करेंगे।*

रोजगार मेले में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाली बलिया की निशा गुप्ता ने नौकरो मिलने पर सरकार का आभार जताया। बाइट....

*मेरा सेलेक्शन एस0एस0सी0 एमटीएस के लिए एक मल्टीटास्किंग स्टाफ के रूप में हुआ है और आजमैं बहुत प्रसन्न हूं कि आज प्रधानमंत्री मोदी जी ने जो आग्रेनाइज किया था रोजगारमेला उसमें मुझे भी नियुक्ति पत्र मिला है और मैं इसे पाकर बहुत प्रसन्न हूं क्योंकि मुझे अब डैरेक्टली गौर्मेंट ऑफिस में जाकर के मुझे अपना योगदान देने का एकमौका मिल रहा है.*

इंकम टैक्स विभाग में नियुक्ति पाने वाले मुरादाबाद के अभ्यर्थी प्रखर दीप सिंह ने कहा कि सरकार ने कम समय में पारदर्शी तरीके से नियुक्तियां की हैं बाइट.....

*सारा प्रोसेस गॉर्मेंट ने काफी अच्छा किया है। यह पहली बार हुआ है कि छह महीने के अंदर एग्जामकी डेट से लेकर जॉइनिंग हमारे हाथ में आ गई है। इसके लिए गॉर्मेंट बहुत अच्छा कामकर रही है।*

————————

प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखीमपुर खीरी के पलिया क्षेत्र में बाढ़ नियंत्रण को लेकर चल रहे शारदा नदी के चनलाइजेशन के काम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को अनुदान, ऋण और आवास की चाबी भी सांपी। कार्यक्रम से पहले उन्होंने पहलगाम में जान गंवाने वालों लोगों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को जीरो टॉलरेंस को नीति के तहत जवाब देने के लिए नया भारत तैयार है। बाइट....

*सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती, अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार की सुरक्षा, सेवा और सुशासन का जोमॉडल है, वो अब विकास परआधारित है, गरीब कल्याण परआधारित है और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा, तो उसके लिए जीरो टॉलेंस की नीती के तहत उसको जिस भाषा में समझेगा उस भाषा में उसका जवाब देने के लिए आज ये नया भारत तैयार है।*

———————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज लखनऊ विश्वविद्यालय में एक राष्ट्र–एक चुनाव पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के लोग एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में हैं और यह कदम देशहित में है। बाइट....

*मैं पूरे विश्वास से साथ कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का एक देश एक साथ पांच वर्षों में चुनाव कराना का संकल्प निश्चित तौर पर सफल होगा, देश चाहता है, देश का समर्थन है और जो लोग विरोध कर रहे हैं उनको भी एक दिन देश की आवाज को सुनकर के समर्थन में आना पड़ेगा।*

———————

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने दीर्घावधि, राजनयिक और आधिकारिक वीजा को छोड़कर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए। इसी क्रम मं पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सभी जनपदों से पाकिस्तानी नागरिकों को चिन्हित करने और उन्हें वापस भेजने के निर्देश दिये है। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आज सुबह तक लगभग 80 प्रतिशत पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है। शेष पाकिस्तानी नागरिकों को अंतिम तिथि 27 अप्रैल तक वापस भेज दिया जायेगा।

उधर, आतंकी हमले के विरोध में प्रदश के विभिन्न जिलों में विरोध प्रदर्शनों का दौर जारी है। इसी क्रम में संयुक्त व्यापार संघ ने आज मेरठ बन्द का आह्वान किया।

हरदोई और अमरोहा में भी आतंकवाद के विरोध में लोगों ने मार्च निकाला।

—————————

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्से में कल के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, देवरिया,गोरखपुर समेत आसपास के ज़िलों में कल ओलावृष्टि होने का भी अनुमान है। वहीं 28 अप्रैल को प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

—————————

आईपीएल में आज कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाईट राइडर्स का सामना पंजाब किंग्स से हो रहा है।

(समाप्त)